# काकोरी कांड की 100वीं वर्षगांठ पर मनाया जाएगा शताब्दी समारोह

● 9 अगस्त को लखनऊ के काकोरी, शाहजहांपुर समेत कई जनपदों में होगा विशेष आयोजन

● भावी पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराएगी योगी सरकार




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार उत्तर प्रदेश की भावी पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराती रही है। 9 अगस्त 2024 से 'काकोरी ट्रेन एक्शन' की 100वीं वर्षगांठ का शुभारंभ हो रहा है। इसी क्रम में अब 'काकोरी ट्रेन एक्शन' शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। क्रांतिकारियों के सम्मान में संपूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ इसे पूरे वर्ष तक मनाया जाएगा। 9 अगस्त को लखनऊ के काकोरी व शाहजहांपुर में विशेष आयोजन होगा। इसके तहत स्कूलों, महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों में अनेक प्रतियोगिताएं होंगी तो जिला प्रशासन की तरफ से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान भी किया जाएगा। वहीं वन विभाग काकोरी के शहीदों की याद में प्रत्येक जनपद में शहीद स्मृति वाटिका तैयार करेगा। 9 अगस्त को शुभारंभ अवसर पर 100 साइकिल सवारों द्वारा शहीद स्मृति यात्रा की भी तैयारी प्रस्तावित है। योगी सरकार के निर्देश पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। काकोरी लिटरेचर फेस्टिवल भी लगेगा। काकोरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, स्वतंत्रता आंदोलन, काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इतिहासकारों, विशेषज्ञों द्वारा विद्यालयों-महाविद्यालयों में संवाद कार्यक्रम भी होंगे। काकोरी के संदर्भ में नाट्य प्रस्तुति, पुस्तकों का विमोचन, विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। पुस्तकों का डिजिटल संस्करण भी जारी किया जाएगा। काकोरी घटना से जुड़ीं कविताएं, कहानी लेखन प्रतियोगिता, विद्यालयों में ओपन माइक व क्रांतिकारियों के जीवन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी होगी। योगी सरकार ने काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर प्रत्येक जनपद में वन विभाग को शहीद स्मृति वाटिका तैयार कराने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त राज्य ललित कला अकादमी व शिक्षा विभाग की ओर से स्वतंत्रता संग्राम स्थलों, शहीद स्मारकों पर ऑनस्पॉट पेंटिंग व शिविर लगाए जाएंगे।

विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों, स्कूलों-कॉलेजों में पेंटिंग, म्यूरल व क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताएं होंगी। लोकनॉट्य प्रतियोगिता, शहीद स्थलों व स्मारकों से जुड़ी घटनाओं पर नाट्य प्रस्तुति, नाट्य महोत्सव आदि का भी आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश संस्कृति निदेशालय की तरफ से सांस्कृतितक शोभायात्राएं निकाली जाएंगी तो दूसरी तरफ शहीदों की जन्मतिथि व बलिदान दिवस पर राष्ट्रभक्ति से पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर 9 अगस्त को लखनऊ के काकोरी, शाहजहांपुर में शताब्दी समारोह का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही गोरखपुर के चौरीचौरा, बलिया, फिरोजाबाद, अयोध्या, मैनपुरी, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, कानपुर (बिठूर), झांसी, बरेली, सहारनपुर, गोंडा में भव्य आयोजन होगा। इसके साथ ही अन्य जनपदों में इससे जुड़े आयोजन किए जाएंगे। योगी सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन की तरफ से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित भी किया जाएगा। काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इसके लिए संस्कृति विभाग को नोडल बनाया गया है इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग, गृह, वन, माध्यमिक, बेसिक, उच्च शिक्षा, पर्यटन व सूचना-जनसंपर्क विभाग के समन्वय से इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाया जाएगा।

# मेनका गांधी ने सपा सांसद राम भुआल निषाद के चुनाव को दी चुनौती



**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**भाजपा** नेता मेनका गांधी ने सुल्तानपुर से निर्वाचित सपा सांसद राम भुआल निषाद के निर्वाचन को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में चुनौती दी है। शनिवार को इस सम्बन्ध में मेनका गांधी ने चुनाव याचिका दाखिल की। वो याचिका दाखिल करने के लिए अपने वकील के साथ लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ निबंधक के समक्ष प्रस्तुत भी हुईं। इस याचिका में अन्य पहलुओं के साथ-साथ मुख्य रूप से यह आधार लिया गया है कि राम भुआल निषाद ने नामांकन के समय दाखिल शपथ पत्र में अपने आपराधिक इतिहास से सम्बन्धित जानकारियां छिपाई हैं। राम भुआल निषाद पर 13 आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। जबकि उन्होंने अपने शपथ पत्र में मात्र आठ मुकदमों की ही जानकारी दी है। याचिका में कहा गया है कि गोरखपुर जनपद के पिपराइच थाने के दो और बड़हलगंज थाने के तीन आपराधिक मुकदमों की जानकारी राम भुआल निषाद ने छिपाई है। याचिका में राम भुआल निषाद का निर्वाचन निरस्त कर मेनका गांधी को निर्वाचित घोषित करने की मांग की गई है।

# अवैध मल्टी स्टोरी बिल्डिंग पर चला बुलडोजर, 7 निर्माण किए गए सील


● एलडीए ने अवैध निर्माण के खिलाफ कई क्षेत्रों में की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में एलडीए द्वारा अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। एलडीए के प्रवर्तन दस्ते द्वारा शनिवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए काकोरी क्षेत्र में 4 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। इसके अलावा चिनहट, इंदिरा नगर, गुड़म्बा व बाजारखाला में अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे अपार्टमेंट व शॉपिंग कॉम्पलेक्स समेत 7 अवैध निर्माणों को सील किया गया।



एलडीए ने अवैध निर्माणों पर कड़ी कार्रवाई की। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि निजामुद्दीन व अन्य द्वारा काकोरी में मोहान रोड पर इब्राहिमगंज में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसी तरह गब्बर रईस, बाबू भाई व अन्य द्वारा इब्राहिमगंज में लगभग 6 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। वहीं, मनीष यादव, अरविंद शर्मा व अन्य द्वारा काकोरी के मदारपुर में नमस्ते इंडिया दूध गोदाम के सामने लगभग 8 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा अमर सिंह व अन्य द्वारा काकोरी के घुरघुरी तालाब क्षेत्र में लगभग 8 बीघा जमीन पर अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले.आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन चारों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। शनिवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में उक्त चारों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि सादिक खान व अन्य द्वारा चिनहट की गुलजार कालोनी में लगभग 2600 वर्गफिट क्षेत्रफ्ल के भूखण्ड पर चार मंजिला अपार्टमेंट का निर्माण करवाया जा रहा था। मोहम्मद सैद खान, मोहम्मद वसीम व अन्य द्वारा इंदिरा नगर के शहीद भगत सिंह वार्ड में 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर चार मंजिला भवन का निर्माण और मोहम्मद सैफ व अन्य द्वारा 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर पांच मंजिला अपार्टमेंट का निर्माण करवाया जा रहा था। अमरजीत वर्मा व अन्य द्वारा इंदिरा नगर के पानी गांव में 4500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, आशीष चैरसिया द्वारा इंदिरा नगर के फरीदी नगर में 1200 वर्गफिट क्षेत्रफल में दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अतिरिक्त संतोष कुमार व अन्य द्वारा गुड़म्बा में कुर्सी रोड स्थित बजरंग विहार में 1200 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन का निर्माण करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे उक्त सभी निर्माणों को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि नीतू अग्रवाल व अन्य द्वारा बाजारखाला के बुलाकी अड्डा में चन्दा मार्केट के पास लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफ्ल के भूखण्ड पर अवैध रूप से अपार्टमेंट का निर्माण करवाया जा रहा था। उक्त निर्माण कार्य के विरूद्ध सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसे प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया गया।



# विधानभवन का निरीक्षण कर डीजीपी ने परखीं सुरक्षा तैयारियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगामी** विधानसभा सत्र के दृष्टिगत डीजीपी प्रशांत कुमार ने शनिवार को लखनऊ कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने पुलिस कमिश्नर व अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया। डीजीपी ने विधानसभा सत्र के दृष्टिगत विधानभवन का भ्रमण कर सुरक्षा तैयारियों को परखा। उनके साथ लखनऊ के पुलिस कमिश्नर और एडीजी कानून-व्यवस्था भी मौजूद रहे। डीजीपी ने विधानसभा की सुरक्षा-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, अभेद्य बनाये जाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिए।

# खेल-खेल में सीखा जानवरों का कार्टून बनाना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लक्ष्मीनारायण** भगवती विद्या मंदिर गर्ल्स इंटर कालेज, सुभाष मार्ग पर 'आओ बनाए जानवरों का मुखौटा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों का अखबार गुलेल की तरफ से आयोजित उक्त कार्यक्रम में शहर के प्रख्यात कलाकार राम बाबू ने बच्चों को जानवरों का मुखौटा और उसके कार्टून बनाना सिखाया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार खेल-खेल में बच्चों को जानवरों की और हमारे जीवन में उनकी आवश्यकता की समझ विकसित होती हैं। उन्होंने पहले बच्चों को चित्र बनाना और फिर उससे मुखौटा बनाना सिखाया।राम बाबू के बताए तरीकों के बाद बच्चों ने बहुत सारे मुखौटा बनाना सीखा। इस दौरान इंद्रमणि राजा ने भी बच्चों को जानवरों की हमारे जीवन में क्या उपयोगिता है, इस बारे मे जानकारी दी। इस दौरान कालेज के प्रबंधक ब्रजेश रस्तोगी ने राम बाबू को अंग वस्त्र भेट किया और धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ती है और उनका मानसिक विकास होता है। कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. कल्पना श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद दिया।

# शहर को साफ-सुथरा व अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए महापौर ने की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में अतिक्रमण, ट्रैफिक एवं भिक्षावृत्ति आदि पर विचार-विमर्श किये जाने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में पूर्वान्ह 11 बजे संगम गेस्ट हाउस, फील्ड हॉस्टल जल निगम, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, लखनऊ में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने भी प्रतिभाग किया। बैठक की शुरुआत समस्त उपस्थित अधिकारियों के परिचय से को गई। उसके बाद महापौर ने बताया कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है की हम अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर कैसे बनाए। यदि इसमें कोई समस्या आती है तो इसके लिए हम सभी की जिम्मेदार है। उन्होंने



बताया की आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य यही है कि शहर की समस्त समस्याओं से निपटने के लिए आज सभी अधिकारियों को एक मंच पर लाकर उनका तत्काल निस्तारण कराया जा सके। महापौर ने लखनऊ शहर में जगह.जगह सड़कों की खुदाई से सम्बन्धित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराये जाने के लिए पीडब्ल्यूडी एवं अन्य सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये। नई सड़कों के निर्माण में डक्ट एवं ड्रेनेज आदि की मानक के अनुरूप व्यवस्था किये जाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही महापौर ने शहर में व्याप्त अतिक्रमण एवं जाम की समस्या के तहत एनएचएआई पुल के नीचे अवैध रूप से स्थापित झुग्गी-झोपड़ियों को हटाकर वेण्डिंग जोन स्थापित कर जगह.जगह अव्यवस्थित रूप से वेण्डर्स, खुमचे, ठेलिया एवं अन्य व्यवसायिओं को व्यवस्थित किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में संज्ञान में आया की नगर निगम ने विभिन्न जोनों में अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही के बाद दोबारा अतिक्रमण स्थापित हो जाता है। जिसके लिए क्षेत्र में दुबारा अतिक्रमण न हो इस के लिए जिलाधिकारी के सुझाव के अनुसार पुलिस विभाग एवं नगर निगम की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करते हुए दोनों विभाग के कर्मचारियों की सायंकालीन ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये।

# जनेश्वर मिश्र पार्क में बनेगा 1200 मीटर लंबा नया जॉगिंग ट्रैक

● एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने किया जनेश्वर मिश्र पार्क का निरीक्षण, विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के सम्बंध में अधिकारियों को दिये निर्देश

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्कल्पचर होगा स्थापित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोमती** नगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में 1200 मीटर लंबा नया जॉगिंग ट्रैक बनेगा। साथ ही पहले से बने किड्स जोन में बच्चों के लिए आधुनिक राइड्स व झूले लगाये जाएंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा जनेश्वर मिश्र पार्क का निरीक्षण करके अधिकारियों को विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान हॉर्टीकल्चर के कार्य में लापरवाही मिलने पर उपाध्यक्ष ने फर्म पर जुर्माना लगाते हुए एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था सुधारने का अल्टीमेटम दिया है।



निरीक्षण के दौरान एलडीए वीसी ने पाया कि पूरे पार्क में सिर्फ एक ही सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक बना है, जबकि यहां मॉर्निंग वॉक के लिए आने वाले लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। गेट नंबर-7 के पास निर्मित 1.25 किलोमीटर लंबे इस सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक की स्थिति भी जर्जर पायी गयीए जिससे मॉर्निंग वॉकर्स को असुविधा होती है। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द पूर्व निर्मित सिंथेटिक ट्रैक की मरम्मत करवायी जाए। साथ ही गेट नंबर-2 से गेट नंबर-6 के बीच उपयुक्त स्थान चिन्हित करते हुए लगभग 1200 मीटर लंबा नया जॉगिंग ट्रैक विकसित किया जाए। इसके बाद उपाध्यक्ष ने किड्स जोन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि किड्स जोन में बच्चों के लिए नये आधुनिक राइड्स व झूले लगवाये जाएं। इसमें बच्चों के मनोरंजन के साथ ही उनकी सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उपाध्यक्ष ने कहा कि पार्क में जिस स्थान पर राष्ट्रध्वज लगा है। उसके पास उपयुक्त स्थान चिन्हित करते हुए वहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्कल्पचर स्थापित कराया जाए। इसके अलावा पार्क के अंदर बने सभी चौराहों को अलग-अलग थीम के आधार पर विकसित करते हुए सौंदर्यीकरण के कार्य कराये जाएं। निरीक्षण में पाया गया कि पार्क में साइनेज बोर्ड तो लगे हैंए लेकिन उनमें उल्लेखित जानकारी व नक्शा समझना काफी मुश्किल है, जिससे लोगों को असुविधा होती है। इस सम्बंध में उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नये सिरे से साइनेज बोर्ड डिजाइन कराये जाएंए जिसमें उल्लेखित जानकारी व दिशासूचक नक्शे को लोग आसानी से समझ सकें।

### योगा व सेल्फी प्वाइंट्स भी बनेंगे

**जनेश्वर** मिश्र पार्क में बड़ी संख्या में लोग योगाभ्यास भी करते हैंए जिनके लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि योगा स्पॉट चिन्हित करते हुए वहां प्लेसमेकिंग का कार्य कराया जाए। साथ ही युवाओं व बच्चों के लिए आकर्षक सेल्फी प्वाइंट्स बनाये जाएं। इसके अलावा पार्क में आने वाले लोगों का फीडबैक व सुझाव प्राप्त करने के लिए प्रवेश व निकास द्वार पर क्यूआर कोड लगाये जाएंए जिसे मोबाइल फोन से स्कैन करके लोग अपनी राय दे सकें।

### लापरवाह संस्था पर जुर्माना

**निरीक्षण** में घास कटिंग समेत हॉर्टीकल्चर के कुछ अन्य कार्यों में लापरवाही सामने आयी। इस पर उपाध्यक्ष ने हॉर्टीकल्चर का काम करने वाली फर्म विमला एसोसिएट के कर्मचारियों को मौके पर तलब किया तो उनके पास पर्याप्त संसाधन नहीं थे। इस पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए फर्म पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये हैं।

बैंक ऑफ इंडिया

स्टार हाउस, तृतीय तल, विभूति खण्ड,
अंचल कार्यालय, लखनऊ- 226010

**विषय : लॉकर के अतिदेय किराए के भुगतान हेतु सूचना**

| क्रम सं. | शाखा | प्रथम धारक | द्वितीय धारक | पता | वैकल्पिक पता | अतिदेय राशि (बिना जीएसटी)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमीनाबाद | मनीष पुत्र फूलचंद उर्फ महेश चन्द्र चौरसिया | – | 7/47, प्राग नारायण रोड, हजरतगंज, लखनऊ, उप्र- 226001 | 142/23, बताशे वाली गली, अमीनाबाद, लखनऊ- 226018 | 7500 |
| 2 | अमीनाबाद | कु0 नसीम पुत्री सैयद सागिर हुसैन | – | शीश महल, गेंद खाना लखनऊ | – | 6000 |
| 3 | अमीनाबाद | श्री वीरेन्द्र कुमार प्रजापति पुत्र स्व0 कृष्णा | | मकान नं. 256/13 खजुआ, लखनऊ- 226004 | – | 6000 |
| 4 | अलीगंज | श्रीमती मधु गुप्ता | – | मकान नं. 8/336 विकास नगर, लखनऊ | – | 7500 |
| 5 | अशोक मार्ग | कु0 रीता विश्वास | 2. श्री राहुल विश्वास 3. पी. विश्वास | 2/491, रश्मि खण्ड शारदा नगर लखनऊ | – | 6000 |
| 6 | महानगर | श्रीमती सफिया खातून | श्री महमूद आलम | सी-36, सेक्टर-जी अलीगंज, लखनऊ 226024 | – | 7080 |
| 7 | महानगर | कुमारी मंजू पाल | – | बी-803, गोपाल अपार्टमेन्ट, नरही लखनऊ-226001 | – | 7080 |
| 8 | तहसील फतेहपुर | श्री संतोष कुमार पुत्र राम लखन | – | ग्राम व पोस्ट- ईसरौली बाराबंकी- 225305 | – | 4000 |
| 9 | कैसरबाग | कुमारी अरूणा खंडेलवाल | श्री विजय खंडेलवाल | आनन्द भवन, ख्यालीगंज, लखनऊ | – | 7080 |
| 10 | कैसरबाग | श्रीमती रेणु सुखानी पत्नी नरेश आर. भोजवानी | – | महाबीर अपार्टमेन्ट 401, चतुर्थ तल, 36 कैन्ट रोड, लखनऊ | – | 7080 |
| 11 | बाराबंकी | श्री जय नारायण वर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद | 2. श्रीमती सरोज कुमार पत्नी श्री जय नारायण वर्मा | ग्राम व पोस्ट- कोठी, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश- 225001 | – | 4000 |
| 12 | बाराबंकी | श्री गोविन्द प्रसाद सोनी | 2. श्रीमती रीता सोनी | कृष्णा नगर, नाका, सतरीख, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश- 225001 | – | 4000 |
| 13 | बाराबंकी | श्री कमला प्रसाद मिश्रा पुत्र श्री जगन्नाथ | 2. श्री राजेश कुमार मिश्रा पुत्र श्री कमला प्रसाद मिश्रा 3. श्री जितेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र कमला प्रसाद मिश्रा | वीपीओ- गदिया, बाराबंकी उत्तर प्रदेश- 225001 | – | 4000 |
| 14 | बाराबंकी | श्री प्रदीप कुमार यादव पुत्र श्री जगन्नाथ सिंह | – | के-131, कटरा, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश | – | 4000 |
| 15 | इन्दिरा नगर | श्री एहतेशाम अली | – | पिकनिक स्पॉट रोड खुर्रम नगर लखनऊ- 226016 | – | 7500 |
| 16 | राजाजीपुरम | कुमारी प्रीतिका रावत | – | 355/384, थाडी आलमनगर लखनऊ | – | 6000 |

** वास्तविक भुगतान के समय राशि भिन्न हो सकती है

'' उपर्युक्त सभी – हमारे बैंक ऑफ इंडिया के विभिन्न शाखाओं के लॉकर धारकों को नोटिस दिया जाता है कि उनके लॉकर का किराया 3 साल से अधिक समय से बकाया है। लॉकर धारकों द्वारा शाखाओं द्वारा अनुस्मारक / अनुवर्ती कार्रवाई का जवाब नहीं दिया गया है। सभी लॉकर धारकों को एक बार पुन: सूचित किया जाता है कि वे सम्बंधित शाखा से तत्काल संपर्क करें तथा इस नोटिस के प्रकाशन के १५ दिनों के अन्दर अतिदेय किराये का भुगतान करें। भुगतान न होने की स्थिति में लॉकर धारक के पूर्ण जोखिम एवं जिम्मेदारी पर ड्रिल ओपन कर दिया जाएगा, जिसकी लागत एवं अन्य व्यय के लिए लॉकर धारक स्वयं जिम्मेदार होगा।

नेट परीक्षा में धांधली का मामला

# सुभारती यूनिवर्सिटी के आईटी मैनेजर सहित 7 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सीएसआईआर** नेट पेपर में हो रही सेंधमारी के मामले में एसटीएफ ने मेरठ की सुभारती यूनिवर्सिटी के आईटी मैनेजर सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें चार अभ्यर्थी भी शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि एसटीएफ की टीम ने बीते शुक्रवार को मेरठ में सीएसआईआर नेट के एग्जामिनेशन सेंटर सुभारती यूनिवर्सिटी पर छापेमारी करके धांधली का खुलासा किया था। एडीजी कानून व्यवस्था व एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में अरूण शर्मा, सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ का आईटी मैनेजर, विनीत कुमार, लैब एसिस्टेंट, अंकुर सैनी एनएसईआईटी कम्पनी का सर्वर आपरेटर और चार अभ्यर्थी अंकित, तमन्ना, मोनिका कुमारी और ज्योति शामिल हैं।

वर्तमान समय में सीएसआईआर नेट की भर्ती परीक्षा प्रचलित है, जो एनएसईआईटी कम्पनी द्वारा करायी जा रही। एडीजी के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ पर जानकारी की गयी तो पाया कि सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में नियुक्त आईटी मैनेजर अरूण शर्मा ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अनाधिकृत रूप से अपने रूम में सीपीयू तैयार किया था, जिसे परीक्षा लैब व सर्वर के नेटवर्क से कनेक्ट कर रखा था तथा जिन अभ्यार्थियों की परीक्षा का प्रश्न-पत्र हल कराना होता था, उनकी परीक्षा के लिये आवंटित किये गये सिस्टम का आईपी एड्रेस लैब में मौजूद विनीत कुमार, लैब एसिस्टेंट सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ व अंकुर सैनी, सर्वर आपरेटर हस्श्वद्धड्ड कम्पनी की मदद से पता करके परीक्षा केन्द्र से बाहर बैठे अपने अन्य साथियों को बता देता था तथा तैयार किये गये इस अनाधिकृत सिस्टम का एक्सेस भी रिमोट एक्सेस टूल एनीडेक्स के माध्यम से अजय उर्फ बच्ची को दे देता था तथा अजय उर्फ बच्ची बाहर बैठकर ऐनीडेक्स की मदद से दिये गये आईपी के जरीये तैयार किये गये सिस्टम के माध्यम से अभ्यार्थियों का प्रश्न-पत्र हल कराते थे। हिरासत में लिए गये व्यक्तियों से पूछताछ एवं तकनीकी छानबीन से यह तथ्य प्रकाश में आए कि सुभारती कालेज, मेरठ में स्थित 6 लैब में यह परीक्षा एनएसईआईटी कम्पनी द्वारा कराई जा रही है। जिसके लिये कम्पनी ने 2 नोड सिस्टम तैयार किये है, एक नोड सिस्टम से 3 लैब कनेक्ट है। कम्पनी की तरफ से 2 व्यक्ति अंकुर सैनी व राहुल देखरेख हेतु तैनात किये गये है, जिनको कम्पनी के द्वारा एक्जाम सॉफ्टवेयर को लैब के सिस्टम में रन कराने के लिये 1-1 बूटेविल पेन डाईव दी गई है। राहुल लैब 1,2,3 व अंकुर सैनी 4,5,6 लैब की देख-रेख करता है। हैकिंग के लिये तैयार किये गये सिस्टम में कम्पनी के द्वारा दी गई उक्त पेन ड्राईव की आवश्यकता थी इसलिए सुभारती विश्वविद्यालय के आईटी मैनेजर अरूण शर्मा ने एनएसईआईटी कम्पनी के सर्वर आपरेटर अंकुर सैनी को लालच देकर उसकी पेन ड्राईव प्राप्त की तथा राहुल की पेन ड्राईव चोरी से उसके नोड सिस्टम से निकाल ली। कम्पनी की दोनो पेन ड्राईव एक-एक करके सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में नियुक्त आईटी मैनेजर ने तैयार किये अवैध सिस्टम में लगाई और एनी डेस्क सॉफ्वेयर द्वारा अजय उर्फ बच्ची ने इस बूटेविल पेन ड्राईव में कोई अन्य फाईल इन्स्टाल की, जिससे की परीक्षार्थी के क्लाईन्ट कम्प्यूटर की कनेक्ट की गई डिस्प्ले को कम्पनी का सर्वर न पकड़ सके। उसके बाद अरूण शर्मा उपरोक्त ने दोनो पेन ड्राईव निकालकर अंकुर सैनी को वापस लैब-4 के मास्टर कम्प्यूटर में लगाने हेतु दे दी थी तथा दूसरी पेन डाईव लैब 1 के मास्टर कम्प्यूटर में लगा दी थी। परीक्षा के दौरान कोई चैकिंग होती तो अरूण शर्मा, आईटी मैनेजर सुभारती विश्वविद्यालय अपने साथियों के मोबाईल पर स्टार्ट, स्टाप का मैसेज भेज देता था और वह लोग कुछ देर के लिये काम बंद कर देते थे, ताकि चेकिंग के दौरान सम्बन्धित अभ्यर्थी पकडे ना जा सकें। सुभारती कालेज के आईटी मैनेजर अरूण शर्मा को दीपक व अजय उर्फ बच्ची, मोनू उर्फ मनीष, अनिल राठी आदि प्रति अभ्यर्थी 50 हजार रूपये देते थे, जिसमें से वह सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के कम्प्यूटर लैंब एसिस्टेंट विनीत कुमार व एनएसईआईटी कम्पनी के सर्वर आपरेटर अंकुर सैनी को 10-10 हजार रुपए प्रति अभ्यार्थी देता था।

# कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की पुण्यतिथि



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** के पूर्व राष्ट्रपति और देश के जाने माने वैज्ञानिक के रूप में प्रख्यात अवुल पकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के मौके पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। डॉ. कलाम के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए दिनेश सिंह ने कहा कि उन्हें बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास के कार्यों के लिए भारत में 'मिसाइल मैन' के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम मुख्य रूप से एक वैज्ञानिक और विज्ञान के व्यवस्थापक के रूप में चार दशकों तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) व भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को संभाला। जिसके लिए डॉ. कलाम को भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों नवाजा गया।

# डीजपी ने की पुलिस आवास निगम के कार्यों की समीक्षा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** प्रशान्त कुमार ने शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम का भ्रमण किया एवं पुलिस विभाग के आवंटित निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

डीजीपी ने निगम द्वारा सम्पादित कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए समस्त प्रचलित निर्माण कार्यों को निर्धारित मानक एवं उच्च गुणवत्ता से सम्पादित कराने के साथ-साथ पुलिस लाइन कासगंज के आवासीय एवं अनावासीय भवन को निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत पूर्ण कराए जाने के कड़े निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान आवास निगम द्वारा पुलिस विभाग के प्रचलित निर्माण कार्यों में कतिपय कारणों से बाधित तथा प्रारम्भ न हो पाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में क्षेत्रिय पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल समस्या का निराकरण कराने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक/ अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उप्र पुलिस आवास निगम, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था एवं उप्र पुलिस आवास निगम के महाप्रबन्धक (परियोजना प्रबन्ध), प्रबन्धक (परियोजना) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# रितिक हत्याकांड में आज मृतक के परिजनों से मिलेगा सपा प्रतिनिधिमंडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल 28 जुलाई को लखनऊ जायेगा। लखनऊ के सरोजनीनगर के बंथरा निवासी इन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ बब्बन पाण्डेय के पुत्र रितिक पाण्डेय उम्र 22 वर्ष की भाजपा के दबंग लोगों द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जिसकी जांच तथा शोकाकुल परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल बंथरा लखनऊ पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण आरके चौधरी सांसद, लोकसभा क्षेत्र, मोहनलालगंज, सनातन पाण्डेय सांसद, लोकसभा क्षेत्र, बलिया, रविदास मेहरोत्रा विधायक, सीएल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, उप्र, श्याम किशोर यादव पूर्व विधायक, अभिषेक मिश्रा पूर्व मंत्री, सन्तोष पाण्डेय पूर्व विधायक, जय सिंह 'जयन्त' जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, लखनऊ, मो. शकील नदवी प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, उप्र, विजय बहादुर यादव पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत, लखनऊ, फाखिर सिद्दीकी महानगर अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, लखनऊ, सुश्री पूजा शुक्ला पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, श्री सोनू कनौजिया पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, फखरूल हसन चांद पैनलिस्ट समाजवादी पार्टी, नवीन धवन बंटी पूर्व महानगर उपाध्यक्ष, टीबी सिंह जिला उपाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, लखनऊ, शब्बीर अहमद जिला महासचिव, समाजवादी पार्टी, लखनऊ, कौस्तुभ तिवारी युवा नेता, समाजवादी पार्टी, विनोद शुक्ला अध्यक्ष, प्रधान संघ, बंथरा, चन्द्रशेखर यादव विधान सभा अध्यक्ष, सरोजनीनगर, मनोज पाल जिलाध्यक्ष, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, लखनऊ एवं अंजनी प्रकाश यादव जिलाध्यक्ष, समाजवादी अधिवक्ता सभा, लखनऊ शामिल हैं।

# अग्निवीर वायु इनटेक भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 जुलाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विंग** कमांडर/ कमान अफसर ए. गुणशेकर ने बताया कि अग्निवीर वायु इनटेक फरवरी, 2025 (महिला एवं पुरूष) की भर्ती के लिए विस्तृत विज्ञापन बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 8 जुलाई, 2024 से 28 जुलाई, 2024 तक नियत है। पंजीकरण एवं अधिसूचना का लिंक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस भर्ती में 3 जुलाई, 2004 और 3 जनवरी, 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच जन्मे पात्र अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करने हेतु योग्य है। भर्ती प्रक्रिया की प्रथम चरण की ऑनलाइन ई-परीक्षा 18 अक्टूबर, 2024 से प्रारम्भ होगी।

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से की मुलाकात



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर के तकरोही स्थित डूडा कॉलोनी में शुक्रवार को डायरिया से विश्वराम की मौत हो गई। विश्वराम पिछले कई दिनों से बीमार थे जिनका आर्थिक तंगी के चलते निधन हो गया। घटना के संज्ञान में आने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम के नेतृत्व में तकरोही स्थित मृतक विश्वराम के आवास डूडा कॉलोनी पहुंचकर घटना की वस्तु स्थिति की जानकारी ली तथा पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

# केन्द्रीय बजट सर्वाधिक सकारात्मकः प्रो. मंजुला उपाध्याय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




नवयुग कन्या महाविद्यालय तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय बजट 2024 पर चर्चा का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के मार्ग निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मंजुला उपाध्याय ने की। विशेष अतिथि के रूप में केकेवी, लखनऊ की अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर गुंजन पांडे तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट आरएल बाजपेई उपस्थित रहे। वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्य डॉक्टर प्रतिमा घोष के संयोजकत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रो. गुंजन पांडे विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, बप्पा नारायण वोकेशनल पी.जी कॉलेज, और सी.ए सी.आर बाजपेयी, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय, डॉ. अनुरिमा बनर्जी विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग, और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से सुश्री मुस्कान बजट पैनल में शामिल रहे। प्रो. गुंजन द्वारा रोजगार के लिए नई योजनाओं, आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी, घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा का समर्थन करने की योजनाएं, छात्रों के लिए ई वाउचर,नव युवकों के लिए नौकरी के अवसर और इंटर्नशिप प्रावधान, स्टार्टअप और स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। उन्होंने डिजिटल फसल सर्वेक्षण जैसी कृषि में नई योजना शुरू करने पर अपने विचार प्रस्तुत किया। आर. एल. बाजपाई ने ओल्ड पेंशन रिजीम और नई पेंशन रिजीम के बारे में विस्तार से बताया द्य उन्होंने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स और शार्ट टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में विभेद को भी समझाया तथा इसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी। प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने प्राकृतिक खेती, पर्यटन विकास, गरीबों के लिए योजनाओं को जारी रखने, एंजल टैक्स के उन्मूलन के सकारात्मक प्रभावों तथा नवीकरणीय ऊर्जा और कई अन्य पहलुओं के संबंध में केंद्रीय बजट पर अपने विचार व्यक्त की। डॉ अनुरिमा बनर्जी ने बजट के व्यापक आर्थिक पहलुओं, आदिवासी प्रोत्साहन और ढांचागत विकास पर सभी का ध्यान केंद्रित किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ ने अखिलेश यादव को सौंपा ज्ञापन

● अपनी विभिन्न मांगों को पूरा कराने का किया आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राज्य मुख्यालय में शनिवार को अध्यक्ष अखिलेश यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश ने ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगे पूरी कराने का आग्रह किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2016 में घर के समीप आयुष्मान आरोग्य योजना का शिलान्यास किया गया था जिसके अंतर्गत सीएचओ के पद का सृजन किया गया था। आयुष्मान भारत की नियमावली में स्पष्ट लिखा था कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का केडर निर्माण कर 4800ग्रेड-पे निर्धारित कर छह साल सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर नियमितीकरण किया जायेगा, साथ ही पूरे भारत में इसका न्यूनतम वेतन 25,000 रखा गया था और 15,000 कार्य प्रोत्साहन राशि के रूप में देय होगा। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पहले से 5,000 रुपए न्यूनतम वेतन में कम दिया गया जो कि बिहार और राजस्थान से भी कम है। उत्तर प्रदेश सीएचओ केडर अपने 6 वर्ष पूरे कर रहा है लेकिन अभी तक न तो वेतन अन्य राज्यों की अपेक्षा में दिया जा रहा है न ही कार्य प्रोत्साहन राशि को सेलरी में मर्ज किया जा रहा है और न ही सीएचओ को सैलरी में मर्ज किया गया है। केडर एक मात्र ऐसा केडर है जहां 90 प्रतिशत साथी इसमें 30 वर्ष की आयु से कम है और प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के अंतगर्त कार्यरत है। इस केडर ने संचारी रोग गैर संचारी रोग कुपोषित बच्चे गर्भवती महिलाओं की जांचे आदि देख रेख उनके घर के समीप की है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ यूपी के प्रदेश प्रवक्ता रामेन्द्र यादव ने ज्ञापन में नियमितीकरण, 4800 ग्रेड-पे, ट्रांसफर पालिसी को प्रमुख मांगों में रखा हैं।

# डीजीपी प्रशांत कुमार को महात्मा हंसराज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** प्रशान्त कुमार को हंसराज महाविद्यालय, दिल्ली द्वारा 77वें स्थापना दिवस समारोह में महात्मा हंसराज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। हंसराज महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के सबसे बड़े घटक कॉलेजो में से एक है। डीजीपी प्रशांत कुमार द्वारा वर्ष 1982- 85 के मध्य यहां से बीएससी (जियोलॉजी आनर्स) की डिग्री प्राप्त की गयी थी।

हंसराज कॉलेज में आयोजित स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा व सांसद नवीन जिंदल एवं डीजीपी प्रशांत कुमार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा 'महात्मा हंसराज गौरव सम्मान' प्रदान किया गया। हंसराज कॉलेज द्वारा यह सम्मान देते हुए प्रशांत कुमार को रोल मॉडल एवं सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया गया है। हंसराज कॉलेज में आयोजित स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर अपने उद्बोधन मे मुख्य अतिथि उपराष्टपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश देश का डीजीपी होना अत्यंत चुनौती पूर्ण है जो जनसंख्या की दृष्टि से कई देशों से बड़ा है। उन्होंने कहा कि वह उनको मिले हुए फीडबैक के आधार पर वह पूरी अधिकारिता के साथ यह कह सकते हैं कि प्रशांत कुमार का पूरा कैरियर उपलब्धियों से भरा है।

# हापुड़ में बनेगा नया कन्वेंशन सेंटर 17,409 वर्ग मीटर क्षेत्र में होगा निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ हापुड़

● ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट के आधार पर होगा कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से किया जाएगा लैस

**उत्तर** प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में नागरिक सुविधाओं में इजाफा करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे लोगों को उत्तम सुविधाएं मिलें और प्रदेश के सभी क्षेत्रों के समेकित विकास का मार्ग प्रशस्त हो, इस दिशा में कार्य करते हुए योगी सरकार द्वारा जल्द ही हापुड़ में नए कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी द्वारा हापुड़ के विकास को लेकर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी जिसे क्रियान्वित करते हुए हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) ने कार्य शुरू कर दिया है। एचपीडीए द्वारा विकसित आनंद विहार योजना के सेक्टर एच में इस नए कन्वेंशन सेंटर का निर्माण होगा। यह कन्वेंशन सेंटर 17,407 वर्ग मीटर में विकसित होगा और इसके निर्माण व विकास कार्य के लिए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। माना जा रहा है कि अगस्त महीने की शुरुआत तक एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन को पूरा कर लिया जाएगा जिसके बाद तेजी से कन्वेंशन सेंटर के निर्माण व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्ययोजना के अनुसार, एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के बाद चयनित एजेंसी को साइट का सर्वे कर डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना होगा। इसमें आर्किटेक्चरल डिजाइन, कंप्लीट ले-आउट प्लान के साथ ही सभी खंडों व उन पर विकसित होने वाली सुविधाओं का विवरण प्रस्तुत करना होगा। साथ ही, 3डी व्यूइंग व हाई रिजोल्यूशन डीटेल्ड वॉक इन व्यू युक्त वीडियो प्रेजेंटेशन तैयार करने होंगे जिसके जरिए होने वाले कार्यों की एक प्रस्तावना प्राधिकरण के आगे रखी जाएगी। प्राधिकरण द्वारा डीपीआर को स्वीकृत करने के बाद ही परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्य शुरू होंगे जिसके बाद तेजी से निर्धारित क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर के निर्माण व विकास कार्य का मार्ग प्रशस्त होगा। सीएम योगी के विजन अनुसार, कन्वेंशन सेंटर के निर्माण व विकास कार्यों को ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट के आधार पर निर्मित किया जाएगा। कन्वेंशन सेंटर को मॉडर्न सिविक एमिनिटीज से लैस किया जाएगा जिसमें आधुनिक ऑडियो-विजुअल डिस्प्ले व साउंड सिस्टम, लाइटिंग सिस्टम, फायर फाइटिंग अलार्म व सिस्टम, लिफ्ट, सोलर एनर्जी इनेबल्ड पावर प्लांट, मॉड्यूलर सिटिंग व फर्नीचर अरेंजमेंट तथा वाइब्रेंट इनर स्पेस सेट अप मुख्य होगा।

# वीडियो मॉनिटरिंग व डेडिकेटेड वॉर रूम से होगी आगरा की नवनिर्मित कमिश्नरेट बिल्डिंग लैस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ आगरा

● पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए बनी विस्तृत कार्ययोजना पर काम हुआ शुरू

**प्रदेश** में अपराध के खिलाफ स्पष्ट जीरो टॉलरेंस की नीति है, ऐसे में प्रदेश की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखकर सीएम योगी के विजन में एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। अब इसी कार्ययोजना पर कार्य करते हुए आगरा में नई कमिश्नरेट बिल्डिंग व जीआरपी लाइन में रेजिडेंशियल तथा नॉन रेजिडेंशियल बिल्डिंग्स के निर्माण की परियोजना को गति दी जा रही है। सीएम योगी की मंशा अनुरूप नियोजन विभाग द्वारा इन दोनों कार्यों को करने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कन्सल्टेंसी एजेंसी की नियुक्ति और कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि आगरा में नई कमिश्नरेट बिल्डिंग को 65 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा और इसे विभिन्न प्रकार की आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। इन सुविधाओं में सर्विलांस व वीडियो मॉनिटरिंग के लिए एडवांस्ड डेडिकेटेड वॉर रूम भी शामिल होगा जहां से पूरे आगरा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों की जरूरत अनुसार सर्विलांस व मॉनिटरिंग प्रक्रिया को पूरा किया जा सकेगा। जबकि, 55 करोड़ रुपए की लागत से जीआरपी लाइन में बनने वाली रेजिडेंशियल व नॉन रेजिडेंशियल इमारतों को भी फ्यूचरिस्टिक डिजाइन व एडवांस्ड सिविक एमिनिटीज युक्त किया जाएगा।

सीएम योगी के विजन अनुसार, आगरा में नई कमिश्नरेट बिल्डिंग व जीआरपी लाइन में होने वाले सभी निर्माण व विकास कार्यों को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में किया जाएगा। नई कमिश्नरेट बिल्डिंग के सभी निर्माण व विकास कार्यों को पीएमसी एजेंसी के निर्धारण व कार्यावंटन के बाद 18 महीनों की समयावधि में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है। इस क्रम में, एजेंसी द्वारा पहले 75 दिनों में आर्किटेक्चरल डिजाइन व डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसे स्वीकृति मिलने पर आगे निर्माण कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान 36 महीने का डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड भी पीएमसी एजेंसी को सर्व करना होगा। वहीं, जीआरपी लाइन के 2.12 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले रेजिडेंशियल व नॉन रेजिडेंशियल बिल्डिंग्स के निर्माण व विकास के लिए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के बाद 18 महीने में पूरा किया जाएगा। यहां भी एजेंसी को पहले 75 दिनों में आर्किटेक्चरल डिजाइन व डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना होगा। वहीं, इस परियोजना के लिए भी डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड को 36 महीने रखा गया है। माना जा रहा है कि अगस्त माह में एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी जिसके बाद इन दोनों ही परियोजनाओं पर तेजी से कार्य होने का मार्ग प्रशस्त होगा।

परियोजना के अंतर्गत, सभी निर्माण कार्यों को एनर्जी कन्जर्वेशन बिल्डिंग कोड का अनुपालन कर पूर्ण किया जाएगा। इन निर्माण कार्यों में बिल्डिंग मटीरियल एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन काउंसिल के मानकों के अनुरूप लेटेस्ट इनोवेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। इन इमारतों को ऑटोमैटिक फायर फाइटिंग व फायर अलार्म सिस्टम, सोलर वॉटर हीटर्स, सीसीटीवी, लिफ्ट्स, डीजी सेट्स, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन तथा सोलर पावर जेनरेशन यूनिट से युक्त किया जाएगा। वैसे इन कार्यों को पूरा करने के पहले निर्धारित पीएमसी एजेंसी द्वारा डीटेल्ड मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा जो कि आर्किटेक्चरल डिजाइन, कॉन्सेप्ट प्लान, 3डी व्यू तथा एनिमेटेड वॉक थ्रू मॉडल बेस्ड होगा। इस पर स्वीकृति होने के बाद ही निर्माण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। सभी निर्माण कार्यों को पर्यावरण अनुकूल रखते हुए ध्वनि व वायु प्रदूषण के स्तर को सीमित रखने के लिए भी मॉनिटरिंग की जाएगी। कार्ययोजना के अनुसार, नई कमिश्नरेट बिल्डिंग में एक फंक्शन मेडिकल यूनिट भी होगा जो कि अस्पताल की तरह कार्य कर सकेगा। इसमें ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू व सीसीयू यूनिट्स भी शामिल होंगे। हॉस्पिटल को मेडिकल गैस, कंप्रेस्ट एयर व स्टीम पीएनजी सप्लाई सिस्टम से लैस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां एक बल्क स्टोरेज सिस्टम, सेंट्रलाइज्ड किचन तथा हॉस्पिटल वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम से युक्त किया जाएगा। कुल मिलाकर, नई कमिश्नरेट बिल्डिंग स्टेट ऑफ द आर्ट फैसिलिटी के तौर पर विकसित होगी जोकि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए निर्मित की जाएगी। वहीं, जीआरपी की रेजिडेंशियल व नॉन रेजिडेंशियल बिल्डिंग्स भी फ्यूचरिस्टिक डिजाइन व टेक्नोलॉजी के हिसाब से निर्मित व विकसित किया जाएगा।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण कराए जाने के दिये निर्देश

**संवाददाता।** प्रयागराज



**केन्द्रीय** राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग भारत सरकार अजय टम्टा ने शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में एनएच पीडब्लूडी एवं एनएचएआई के अधिकारियों के साथ प्रयागराज सर्किल में कराये जा रहे कार्यों की प्रगति एवं तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने रामवनगमन पथ जसरा बाईपास मलाक हरहर से गंगा नदी पर बनने वाले 06 लेन पुल के निर्माण कार्य रायबरेली प्रयागराज फोरलेन निर्माण कार्य रिंग रोड़ रायबरेली अयोध्या मार्ग मछलीशहर भदोही मार्ग भदोही जौनपुर मार्ग एवं अन्य निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति के बारे में सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से अवश्य पूर्ण करा लिए जाये। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने रिंग रोड के निर्माण से जुड़े अधिकारियों से फेजवार डीपीआर और टेण्डर की स्थिति की जानकारी लेते हुए पैकेज वन के टेण्डर की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा है। मंत्री अजय टम्टा ने सम्बंधित अधिकारियों को रिंग रोड़ में लोगो की सुविधा हेतु जहां पर अण्डरपास बनाया जाना आवश्यक है। वहां पर अण्डरपास बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने एनएचआई द्वारा बनाये जा रहे रायबरेली प्रयागराज के कार्य को समय से पूरा कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र भाजपा गंगापार अध्यक्ष कविता पटेल यमुनापार अध्यक्ष विनोद प्रजापति ने भी अपने सुझाव व्यक्त किए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता एनएच कमला शंकर अधिशाषी अभियंता सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लखनऊ मोहित नागर परियोजना निदेशक आदि मौजूद रहे।

# व्यापरियों के प्रति अपनाया जाये सहयोगात्मक रुखः जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक की, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में उद्योग बन्धुओं से जुड़े मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से अवश्य किया जाये व व्यापारियो उद्यमियों के प्रति सहयोगात्मक रूख अपनाया जाये और उद्यमियों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण समय से किया जाये, ताकि अधिकधिक रोजगार सृजित हों और उद्यमी भी सकून के साथ अपने उद्योग को संचालित करते रहें। उन्होंने मौके पर मौजूद जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन उद्यम अधिकारी आर0पी0 गौतम को निर्देशित किया कि छोटे उद्योग व्यापारी अपना उद्योग स्थापित कर लोगों के लिए रोजगार सृजन कर सके, इसके लिए सकारात्मक सहयोग किया जाये।

उन्होंने कहा कि अधिकाधिक लोगों को आसानी के साथ उचित दर पर ज़रूरत के सामान मिले और रोजगार के अवसर भी बढ़े। उन्होंने निवेश मित्र सिन्गल विंडो, श्रम विभाग से सम्बन्धित प्रकरण, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन से सम्बन्धित प्रकरण, प्रदूषण नियंत्रण सम्बन्धी प्रकरण, फायर सर्विसेज, विद्युत भार सम्बन्धी नये प्रकरण, रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी एण्ड चिट्स से सम्बन्धित प्रकरण, भार एवं माप, विद्युत सुरक्षा, खाद सुरक्षा एवं दवा प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, उद्योग आधार मेमोरेण्डम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आदि की समीक्षा की और सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गयें।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 सहदेव कुमार मिश्र, डी0एफ0ओ0, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# स्वस्थ जीवन शैली ही खुशहाल जीवन का महत्वपूर्ण सूत्रः कुलपति प्रो. सत्यकाम

**● यमुना परिसर में कुलपति ने किया वृक्षारोपण**

**संवाददाता।** प्रयागराज



**उत्तर** प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं विनीता अस्पताल फाफामऊ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सरस्वती परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो सत्यकाम ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली से ही बीमारी को दूर भगाया जा सकता है। स्वस्थ जीवन शैली ही खुशहाल जीवन का महत्वपूर्ण सूत्र है। स्वस्थ जीवन के लिए नियमित व्यायाम के साथ ही संतुलित आहार और स्वस्थ वातावरण जरूरी है।

प्रो सत्यकाम ने कहा कि कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर विश्वविद्यालय विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज के भाग दौड़ के समय में स्वास्थ्य परीक्षण करना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। हर व्यक्ति को वर्ष में दो बार स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य करवाना चाहिए। जिससे हमें अपने स्वास्थ्य के बारे में सही जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों की भीड़ लगी रही। 75 से अधिक लोगों ने नामांकन करा कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

अस्पताल प्रबंधन की तरफ से वजन लंबाई पल्स रेट ऑक्सीजन लेवल शुगर तथा ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। चिकित्सकों की टीम ने पूरे मनोयोग के साथ परीक्षण किया तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाए जाने के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चिकित्सकों ने महिलाओं में खून की कमी को गंभीरता से लिया। जिसके लिए चिकित्सकों ने खून बढ़ाने के लिए टॉनिक का सेवन करने के सुझाव दिए।

# जिलाधिकारी ने शैय्या मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र का किया निरीक्षण



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा 30 शैय्या मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र टांडा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सा अधिकारियों,कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर, साफङ्कसफाई, दवाओं की उपलब्धता सहित चिकित्सालय में मरीजों हेतु उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर सभी कार्मिक उपस्थित पाए गए तथा साफ- सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई। जिलाधिकारी ने मरीजों से अस्पताल के सुविधाओं के बारे में पूछताछ किया गया। मरीजों द्वारा अवगत कराया गया कि हम सभी को सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।

बच्चों के टीकाकरण के बारे में जानकारी लिया गया। चिकित्सक द्वारा अवगत कराया गया कि आज निरीक्षण के समय तक 16 बच्चों का टीकाकरण कराया जा चुका है। ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया गया मौके पर 20 मरीज का नाम रजिस्टर पर अंकित हुआ पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा दवाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा गया। चिकित्सक द्वारा अवगत कराया गया की दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

# सीडीओ ने विकास भवन का किया आकस्मिक निरीक्षण

**संवाददाता।** सोनभद्र

मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने शनिवार को विकास भवन में स्थित विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किये, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक मत्स्य, कौशल विकास, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय सहित अन्य विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सुबह 10.10 बजे के निरीक्षण में पाया गया कि विभिन्न कार्यालय के 8 कर्मचारी अनुपस्थित रहे और विलम्ब से कार्यालय मे आते रहें, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धितों को सचेत किया कि समय से पहले हर हाल में कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि कार्यालय में समय से आने के बाद जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए, जन मानस की समस्याओं का निस्तारण किया जाये, इस कार्य में किसी भी स्तर से शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। अन्यथा की दशा में सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव आदि व्यवस्थाओं को अपने देख-रेख में कराना सुनिश्चित करेंगें। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी, अपर साख्यिकीय अधिकारी राजकरन गुप्ता, वरिष्ठ सहायक रामकरन सिंह यादव, कनिष्ठ सहायक कुलदीप कुमार भाष्कर, मत्स्य निरीक्षक सुनील कुमार पाल, वरिष्ठ सहायक विवेक कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक गोविन्द कुमार गुप्ता, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक राकेश कुमार ओझा अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, परियोजना निदेशक आर0एस0 मौर्या, जिला समाज कल्याण रमाशंकर यादव, डी0सी0 मनरेगा सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## चोरी हुआ ट्रैक्टर पुलिस ने किया बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

**सोनभद्र।** थाना राबर्ट्सगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए चोरी किया गया ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया। शुक्रवार को छांगुर पुत्र लालबहादुर नि0 बभनगवा थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र द्वारा थाना रा0गंज पर अज्ञात चोर द्वारा ट्रैक्टर नं0 यूपी 64 ए एल 4571 चोरी कर लेने के सम्बन्ध में एक लिखित तहरीर दिया था। जिसके आधार पर थाना रा0गंज पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा दिनांक शनिवार को समय लगभग 10.45 बजे मकरीबारी जंगल से चोरी की घटना में संलिप्त 3 नफर अभियुक्तों सोनू मौर्या पुत्र रमेश मौर्या निवासी सहनपुर थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र उम्र 34 वर्ष, पिन्टू उर्फ सुरेन्द्र मौर्या पुत्र स्व लक्ष्मन निवासी बभनगवाँ थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र उम्र 32 वर्ष, अशोक कुमार मेहता पुत्र रामजी मेहता नि0 महुलिया थाना गढ़वा जनपद गढ़वा झारखण्ड उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार कर करने के साथ ही चोरी किए गए ट्रैक्टर को भी साथ में बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे चौकी प्रभारी हिन्दुआरी बृजेश कुमार पाण्डेय हेड कांस्टेबल अनीश कुमार कांस्टेबलआनन्द कुमार प्रेमप्रकाश सचिन सरोज अनूप मौर्या शैलेश कुमार अर्पित मिश्रा व कमलेश कुमार शामिल रहे।

# रोगी का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में मिलेगी मदद

**प्रयागराज।** डॉक्टरों को व्यक्तिगत उपचार की योजना बनाने और रोगी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। रेडक्लिफ लैब्स जो देश भर में डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करती है ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अपनी अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक्स लैब का भव्य शुभारंभ किया है। जॉर्जटाउन में लूथर रोड पर स्थित लैब उत्तर प्रदेश में रेडक्लिफ लैब्स की उपस्थिति को बढ़ाएगी। यह कदम भारत में लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। प्रयागराज में एनएबीएल और आईएसओ अनुपालन करने वाली लैब की स्थापना से रेडक्लिफ लैब्स इस क्षेत्र में अग्रणी डायग्नोस्टिक सेवा प्रदाता बन रही है। एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ रवि रानी इस नई लैब की हेड होंगी। डायग्नोस्टिक्स में उनकी विशेषज्ञता और उत्कृष्टता से ग्राहकों में विश्वास बढ़ेगा और उन्हें उच्चतम मानकों वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। टेक्निकल ऑपरेशन और क्वालिटी एश्योरेंस निदेशक डॉ गीतांजलि गुप्ता ने कहा रेडक्लिफ लैब्स देश भर में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एनएबीएल और आईएसओ दिशानिर्देशों के अनुसार अत्याधुनिक तकनीक और सटीक डायग्नोस्टिक सेवाएं शुरू करने को लेकर खुश हैं।

# भव्य कार्यक्रम का आयोजन तीन अगस्त से

प्रयागराज। जाना माना सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा ताजातरीन नए सीज़न के साथ वापस लौट रहा है। जी टीवी के शो में पिछले साल के सफल सीज़न में हर हफ्ते टैलेंटेड सिंगर्स को ज़ी म्यूजिक कंपनी पर अपने ओरिजिनल सिंगल्स रिलीज करने का मौका देकर उन्हें सिंगिंग सेंसेशंस बनाने के बाद यह शो अब एक नए रोमांचक फॉर्मेट में लौट रहा है। इस बार कंटेस्टेंटस को उनके मेंटर्स अच्छी तरह से ग्रूम करेंगे और अपने शिष्यों के म्यूज़िकल सफर में पूरी लगन से शामिल रहेंगे। ऐसे में संगीत की उत्कृष्टता यकीनन अपनी चमक बिखेरेगी। सारेगामापा 2024 अपने ऑनग्राउंड ऑडिशन्स के लिए शनिवार तीन अगस्त को आपके शहर मुंबई में आ रहा है।

# कार्यदाई संस्था ने यमुना नदी के घाट निर्माण में मानकों को ताक पर रखकर किया काम

**संवाददाता।** कालपी, जालौन

**उत्तर प्रदेश** पर्यटन विभाग द्वारा बनवाया जा रहा बिहारी जी घाट पर नए घाट का निर्माण तथा सुलभ शौचालय के निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही है घाट में लगने वाला पदार्थ इतना खराब क्वालिटी का है जो किसी भी तरीके से एस्टीमेट के मानकों को पूरा नहीं कर रहा है।

कालपी के विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रयास से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कालपी के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक बिहारी जी घाट के सुंदरीकरण हेतु लगभग 80 लाख रुपए का आवंटन किया गया था पर्यटन विभाग झांसी के अधिकारियों ने मनमर्जी जी से अपने स्थल का चयन करके ऐसी जगह निर्माण कार्य शुरू कर दिया है जिससे आम जनता को कोई लाभ मिलने की संभावना नहीं है इसके अलावा इस कार्य को कर रहे ठेकेदार ने जल्दबाजी में कोई भी प्रयोग की जाने वाली सामग्री के निर्धारित मानकों को पूरा न करने के कारण बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र में यह निर्माण कितने दिन टिक पाएगा यह भविष्य की गर्त में है।

लेकिन बिहारी जी घाट जाने वाले सैकड़ो नागरिकों की ओर से तथा रामो-वामो क्लब संस्था की ओर से जिला अधिकारी को भेजी गई शिकायत में यह आरोप लगाया गया है की निर्माण कार्य कहां होना चाहिए यह कम से कम स्थानीय नागरिकों से भी परामर्श कर लेना चाहिए था लेकिन पर्यटन विभाग झांसी ने जनता के लिए बना रहे घाटों का जनता के बिना राय के बनाना शुरू कर देना तथा सरकार की बहुमूल्य धनराशी को बर्बाद कर देने से सरकारी खजाने को अनावश्यक नुकसान किया जा रहा है। बिहारी जी घाट पर पहले से ही तीन घाट बहुत अच्छी क्वालिटी के बने हुए हैं जो खतरनाक से खतरनाक बाढ़ को भी आसानी से बर्दाश्त करते हुए आज भी सीना तान के खड़े हुए हैं लेकिन तीन घाट बने होने की बावजूद चौथे घाट नया बनवाना तथा ऐसी जगह बनवाना जहां कभी भी स्नान करने वाले लोग जा नहीं सकते अगर जाते भी हैं तो उनके डूबने का 100 फीसदी खतरा बन गया है आज अगर उच्च अधिकारी मौके पर जाकर देखें तो समझ में आ जाएगा कि घाट बनने का स्थल का चयन बिल्कुल ही मूर्खतापूर्ण पूर्ण ढंग से किया गया है।

बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र तथा बड़े पैमाने पर कटाव वाले क्षेत्र पर शौचालय का निर्माण कराया जाना भी इस तरह है जैसे की नया घाट बनवाया गया है अभी थोड़ी सी ही बरसात में शौचालय के आसपास की काफी मिट्टी अपने आप काटकर जमुना जी में चली गई है। रामो वामो क्लब के अध्यक्ष महेंद्र गौतम एवं क्लब के प्रवक्ता नरेंद्र कुमार तिवारी ने जिला प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में मांग की है पर्यटन विभाग द्वारा कराए गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए जिससे सरकार द्वारा प्रदत्त धनराशि का सही उपयोग हो सके और जनता को वास्तविक लाभ मिल सके।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां एक और धार्मिक स्थलों को सुंदर बनाने हेतु मन मुताबिक बजट विभागों को दे रही है।

वहीं दूसरी ओर पर्यटन विभाग या अन्य विभाग अपनी मनमानी पूर्ण ढंग से खराब क्वालिटी का काम करा कर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं इससे उत्तर प्रदेश सरकार की छवि जनता के बीच में चिंताजनक रूप से खराब हो रही है।

# पशु पालकों ने अपने पशु अन्ना छोड़े तो वसूला जायेगा जुर्मानाः डीएम

**● नगरीय क्षेत्र के पशु पालकों से गौवंशों को खुला न छोड़ने की अपील**

**उरई, जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि अपने गौवंशों को खुला न छोड़े इससे न सिर्फ यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, अपितु दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है साथ ही वाहनों से टकराकर गौवंश घायल हो रहे हैं।

नगरीय क्षेत्र में प्राय: देखा जा रहा है कि पशुपालक बंधु अपनी गायों का दूध निकालने के बाद बाजार में छोड़ देते हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों को न सिर्फ आवागमन में असुविधा हो रही है बल्कि उनसे आम नागरिक घायल भी हो रहे हैं, अपने गौवंशों को बांधकर रखें तथा निर्धारित चारागाह के अतिरिक्त अन्य जगह पर न जाने दें तथा जनपद के गौवंश संरक्षण में अपना सक्रिय योगदान दें। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी व समस्त पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि निजी पशुपालकों द्वारा निराश्रित गौवंश छोड़ देने वाले पशुपालकों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कड़ी कार्यवाही के साथ 500 रुपये का जुर्माना वसूला जाए तथा गौवंश को ससम्मान गौशाला में संरक्षित करें।

इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि निराश्रित गौवंश गौशालाओं में संरक्षित होने के बाद भी निजी पशुपालकों द्वारा छोड़े गए गौवंश विचरण करते हुए पाए गए तो संबंधित खंड विकास अधिकारियों व अधिशासी अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# पीड़ितों की शिकायतों का समय से निवारण करना हो सुनिश्चितः एसपी



**जालौन, उरई।** थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लें और समस्याओं का समय से निस्तारण कराना सुनिश्चत करें। यह बात एसपी ने कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में कही। इस दौरान छह शिकायतें पंजीकृत हुई। जिनमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। कोतवाली परिसर में एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता व एडीएम संजय सिंह की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में महावीर पुत्र गंगाराम निवासी उरगांव में खेत की पैमाइश कराने को लेकर शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा जगमोहन भिटारा दीवार से ईंट निकालने, मनीराम निवासी खेड़ा उरई ने मजदूरी के रुपये न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। जयंती देवी चुर्खीबाल ने ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई। शिकायतों का संज्ञान लेकर एसपी ने जयंती देवी व मनीराम की शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कराया। शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित को सौंपकर समय सीमा में निस्तारण के निर्देश दिए। ताकि शिकायतकर्ता को बार बार परेशान न होना पड़े। इस मौके पर कोतवाल वीरेंद्र पटेल, एसएसआई शीलवंत सिंह, चौकी प्रभारी कुलवंत सिंह, छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय, एसआई अमर सिंह, जयकिशोर, अजयवीर सिंह, सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी, निक्की, सिंकी, प्रज्ञा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सदर विधायक से नगरवासियों ने की जर्जर हो चुके विद्युत तार बदलवाने की मांग

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**नगर** में लगभग एक सप्ताह से बिजली लोगों को रूला रही है। बिजली की आवाजाही के चलते लोग परेशान हैं। सहावनाका फीडर पर दो दिन से बार बार तार टूटने से चार मोहल्ले के लोग उमस भरी गर्मी में परेशान हो गए। मोहल्ले लोगों ने जर्जर तारों को बदलवाने की मांग बिजली विभाग के अधिकारियों से की है।

इस समय उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। एक ओर उमस भरी गर्मी तो दूसरी ओर बिजली की आवाजाही लोगों को रूला रही है। खासकर रात के समय में बिजली की आवाजाही ने लोगों की रातों की नींद खराब कर दी है।

नगर में चार फीडर से बिजली की आपूर्ति की जाती है। कभी कोई फाल्ट आदि होने पर बिजली बंद हो जाती है। उमस भरी गर्मी में लोग बेचौन हो उठते हैं। अलग अलग मोहल्लों में लोगों को इस दिक्कत का सामना करना पड़त रहा है। दिन और रात में कम से कम आधा सैंकड़ा बार बिजली आती जाती है। कुछ मिनटों के लिए बिजली आने के बाद चली जाती है। अंधाधुंध कटौती से पूरा नगर परेशान है।

सहावनाका फीडर पर तोपखाना कब्रिस्तान के पास ट्रांसफार्मर से खटीकान, मुरलीमनोहर, तोपखाना, चिमनदुबे मोहल्ले में बिजली की आपूर्ति की जाती है। इन जगहों पर रहने वाले लोग दो दिनों से परेशान हैं। यहां की लाइन जर्जर होने से थोड़ी थोड़ी देर में फाल्ट हो जाते हैं। लाइन में जगह जगह जोड़ लगे हैं। इन मोहल्लों में रहने वाले लोगों को दो दिनों में बमुश्किल 5 से 6 घंटे ही बिजली की आपूर्ति मिली है। जिससे उमस भरी गर्मी में लोग परेशान हो गए।

घरों में लगे इंवटरों ने भी जबाव दे दिया है। हालांकि विभाग ने कर्मचारियों को भेजकर लाइन को ठीक कराया है। लेकिन बार बार टूटी लाइन को जोड़ने से बार बार फाल्ट हो रहे हैं। मोहल्ले के रफीक, परवेज, जावेद, अकरम, शकील, कफील, जगदीश, विनोद आदि ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से जर्जर लाइन को बदलवाने की मांग की है।

## गौशाला संचालन में लापरवाही बरतने वाले गोपालपुरा प्रधान पर कार्रवाई

**उरई, जालौन।** ग्रामीणांचल में गौशाला संचालन में लापरवाही बरतने वाले ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों के विरुद्ध जिलाधिकारी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसीक्रम में ग्राम पंचायत गोपालपुरा के प्रधान व सचिव द्वारा गांव में गौशाला संचालन में लगातार लापरवाही बरतने पर प्रधान पर 95 जी की कार्यवाही की गयी तो वहीं सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पूरे प्रकरण की जांच बीडीओ को सौंपी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोपालपुरा में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा गौशाला संचालन को लेकर लगातार लापरवाही बतरने को लेकर बीडीओ माधौगढ़ ने अनेकों बार ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को चेतावनी दी लेकिन इसके बाद भी गौशाला संचालन सही तरीके से कराने के कोई प्रयास नहीं किया गया। इसके बाद बीडीओ ने गौशाला संचालन में लापरवाही बतरने वाले ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव सचिन कुमार के विरुद्ध कार्यवाही करने को लेकर डीपीआरओ के पास पिछले माह लिखित शिकायत भेजी थी।

# उपभोक्तागण जिम्मेदारी समझते हुए समय से अपना बिल चुकाएंः एसडीओ



**जालौन, उरई।** नगर में बिजली की समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है। उपभोक्ता भी अपनी जिम्मेदारी को समझें और समय से अपने बिजली बिलों का भुगतान करें। जिनके पास कनेक्शन की क्षमता से अधिक लोड है वह अपना लोड भी बढ़वा लें। यह बात नवागंतुक एसडीओ रामसुधार ने कही है।

विद्युत उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह का स्थानांतरण इटावा एसडीओ मीटर के पद पर हुआ है।

उनके स्थान पर जनपद वाराणसी से स्थानांतरित होकर आए रामसुधार ने एसडीओ का कार्यभार संभाल लिया है। मूल रूप से चंदौली जनपद के रहने वाले एसडीओ रामसुधार ने बताया कि नगर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरूस्त कराना उनकी प्राथमिकता पर है। इसके लिए आवश्यक संसाधनों को जुटाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। नगर में कई स्थानों पर कार्य चल रहा है। इसको और गति दी जाएगी। उपभोक्ता किसी भी समस्या के लिए उनसे संपर्क कर सकते हैं। बिजली व्यवस्था को दुरूस्त बनाए रखने के लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी सहयोग करना होगा। वह अपने बकाया बिजली बिल समय से जमा कराएं।

अधिकांश ओवरलोड की वजह से फाल्ट आदि की समस्याएं आती हैं। इसलिए जिन घरों में निर्धारित कनेक्शन से अधिक लोड है तो वह अपना लोड बढ़वा लें। ताकि उन्हें परेशानी न उठानी पड़े। बताया कि बुंदेलखंड में उनकी पहली पोस्टिंग है। इससे पूर्व वह बस्ती, जौनपुर जनपद में भी कार्य कर चुके हैं।

# हरिमोहन पुरवार की शिव वीथिका में दिखे विविध शिव लिंग




**उरई, जालौन।** ऐतिहासिक महत्व की विभिन्न वस्तुओं के साथ-साथ धार्मिक और सामाजिक अवसरों पर अपने संग्रहालय की प्रदर्शनी आयोजित करने की श्रृंखला के क्रम में डॉ. हरिमोहन परिवार कि सिर्फदीपिका में विविध शिवलिंग प्रदर्शित किए गए सावन के महीने में शिव वीथिका यानि भगवान शिव के 11 पवित्र नदियों से जुटाए गए शिवलिंग आकर्षण का केंद्र बिंदु रहे इस बेजोड़ वीथिका का शुभारंभ पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने वीथिका में मौजूद विभिन्न शिवलिंगों को देखकर संग्रह करता डॉ.हरिमोहन पुरवार को प्राचीन संस्कृति के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला बतलाया और उनकी जमकर तारीफ की। चूड़ी वाली गली में स्थित श्रीमती संध्या पुरवार के आवास पर आयोजित शिव वीथिका का अवलोकन करते हुये जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.घनश्याम अनुरागी न कहा। अद्भुत। श्री नर्मदेश्वर महादेव के भांति भांति स्वरूप, सनातन संस्कृति के गूढ वैज्ञानिक तथ्यों को उजागर करते हैं। शंखों में श्री शिवलिंग दर्शन, भोलेनाथ की व्यापकता का द्योतक है। माता पार्वती नें अपने कठोर तप साधना और निश्छल प्रेम के द्वारा श्रावण मास में ही अपने आराध्य श्री शिवजी को प्राप्त किया था और श्री शिव को भी अपनी शक्ति स्वरूपा अर्धांगिनी की प्राप्ति हुई थी। अत: श्री शिवजी को यह श्रावण मास सर्वाधिक प्रिय है।

# डीएम ने की टेक होम राशन इकाई में पोषाहार उत्पादन को लेकर समीक्षा

**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी** निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित टेक होम राशन इकाई में पोषाहार उत्पादन को लेकर अधिकारियों तथा समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर सभी इकाइयों पर उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। बताते चलें कि जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संरक्षित स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित टेक होम राशन इकाई जनपद में चार जगह संचालित है, जिसमें आस्था प्रेरणा लघु उद्योग जगदीशपुर, जागृति माइक्रो इंटरप्राइजेज गौरीगंज, संगम प्रेरणा माइक्रो एंटरप्राइजेज शुकुल बाजार तथा हौसला माइक्रो एंटरप्राइजेज मुसाफिरखाना द्वारा पोषाहार उत्पादन किया जा रहा ह।

इन इन इकाइयों द्वारा 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए आटा बेसन हलवा, 3 वर्ष से 6 माह तक के बच्चों के लिए आटा बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया मूंग दाल खिचड़ी, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए आटा बेसन बर्फी प्रीमिक्स, दलिया मूंग दाल खिचड़ी तथा 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए ऊर्जा युक्त हलवा का उत्पादन किया जाता है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी इकाइयों पर पोषाहार उत्पादन की समीक्षा किया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं समूह की महिलाओं को सभी इकाइयों पर उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में इकाई बंद नहीं होनी चाहिए, कच्चे माल की आपूर्ति के लिए समय से संबंधित वेंडर को सूचित कर दिया जाए जिससे वह समय रहते कच्चा माल उपलब्ध करा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि सभी इकाइयों पर निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे टेक होम राशन इकाई सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने सभी समूह की महिलाओं को पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य करने को कहा, जिससे सभी इकाइयों पर अधिक से अधिक पोषाहार का उत्पादन हो सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनीं जन समस्याएं



**अमेठी।** शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने गौरीगंज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए।

# जिलाधिकारी ने बालिका को सुकन्या योजना का लाभ देने का दिया निर्देश

- खलीलाबाद कोतवाली में डीएम-एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता' द्वारा संयुक्त रुप से थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने फरियादी के साथ आये एक बालिका से उसका नाम पूछते हुए व्यवहारिक परिचय लिया। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित कर बालिका को सुकन्या योजना का लाभ दिये जाने का निर्देश दिये।

थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें, जिससे समय से निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दुबे, जिलाधिकारी के ओएसडी राकेश यादव एवं एसपी के पीआरओ इन्द्रभूषण सिंह, थाना प्रभारी सतीश सिंह, राजस्व कर्मी सहित फरियादी आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व निरीक्षक के साथ मारपीट करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 27 जुलाई को उ0नि0 दयाशंकर मिश्रा थानाध्यक्ष बाजारशुक्ल मय हमराह को देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की तकिया मोड़ पर 03 व्यक्ति खड़े है । उनमें से 02 व्यक्ति मु0अ0सं0 205/24 में वांछित है । उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर तीनों व्यक्तियों को घेरकर रोकते हुए नाम पता पूछने पर तीनों व्यक्ति पुलिस टीम के साथ मुजहमत करने लगे । 02 व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया तीसरा व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर भाग गया । गिरफ्तार अभियुक्तों से नाम पता पूछने पर मशरूर अहमद उर्फ बब्बू पुत्र मकबूल उम्र करीब 35 वर्ष व मकबूल पुत्र स्व0 आजम अली निवासीगण बख्तावर नगर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 65 वर्ष को समय करीब 10:20 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । उक्त दोनो गिरफ्तार अभियुक्त 25 जुलाई को बख्तावर नगर में पैमाइश के दौरान राजस्व निरीक्षक के साथ मारपीट में वांछित थे । गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ओटीटी के दौर का सिनेमा विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का शुभारम्भ

**संवाददाता।** अयोध्या



**डॉ0** राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय व बचपन एक्सप्रेस, लखनऊ तथा ख्वाजा मोइद्दीन चिस्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ और बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सायं चार बजे ओटीटी के दौर का सिनेमा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अवध विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि सिनेमा समाज को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। दर्शकों को कंटेंट परोसते समय फिल्मकारों को इसका ध्यान देना चाहिए क्योंकि सिनेमा का समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

कुलपति ने कहा कि समाज को ऐसी फिल्में दे जिसमें नारी के सशक्त रूप को दिखाया जाये। उन्होंने कहा कि आज ओटीटी से सिनेमा घरों तक पहुंच गया है। सिनेमा ऐसा हो जो महिलाओं के उत्तम चरित्र को दर्शाये। समाज से जुड़ी वास्तविकता को दिखाये। निर्माता को ऐसी फिल्मे निर्मित करनी चाहिए जो समाज को नयी दिशा दें। उन्होंने कहा कि ओटीटी मनोरंजन उद्योग ने महिलाओं को केवल सहारे के रूप में इस्तेमाल नही किया है बल्कि उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता दिखाने का अवसर भी प्रदान किया है। वेबिनार के मुख्य वक्ता पूर्व प्रोफेसर डॉ0 संजीव भनावत, पत्रकारिता विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, राजस्थान ने कहा कि सिनेमा जनसंवाद का सशक्त माध्यम है। साहित्य सिनेमा का गहरा रिश्ता रहा है। फिल्मकारों को आसपास के यथार्थ को कलाकारों के चरित्र के माध्यम से समाज को दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओटीटी से फिल्मों के कंटेंट पर भी काफी असर पड़ा है। जहां पहले तीन घंटे की फिल्म दर्शकों का मनोरंजन करती थी, अब कई घंटों की वेब सीरीज लोगों का मन जीत रही है।

वेबिनार के विशिष्ट अतिथि कला समीक्षक व पत्रकार आलोक पराड़कर ने कहा कि स्त्री विमर्श के रूप में फिल्मों को दिखाना चाहिए। क्योकि हिंदी सिनेमा का भारतीय समाज पर गहरा प्रभाव डालता है। सिनेमा को कला की भांति होना चाहिए। थियेटर के जो लोग रंगमंच से आये इन्होने अपनी अलग छाप छोड़ी। कला के बल पर ही सिनेमा नहीं चल सकता। इसलिए व्यवसायिकता आगे आयी। बहुत सी फिल्मो में स्त्रियों के अच्छे चरित्र को भी दिखाया गया है।

सिनेमा को रियल होना चाहिए। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के पूर्व निदेशक अरूण त्रिवेदी ने कहा कि सिनेमा जगत में पहले के समय और आज में समय में महिलाओं की भूमिका में बहुत फरक देखने को मिला है। 70 के दशक में कलाकारों की गरिमा होती थी। आज उसमे गिरावट आयी है। संवादों में भी गिरावट आयी है।

पाकीजा और मुगले आजम जैसी फिल्मो को परिवार के साथ भी देखना पसंद किया जाता है। गरिमामयी स्त्री की गरिमा को बना के प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कार्यक्रम को डॉ0 कौशल त्रिपाठी ने भी संबोधित किया।

# उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न

**डलमऊ, रायबरेली।** शनिवार को समाधान दिवस डलमऊ उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ समाधान दिवस में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमे एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया शेष नौ शिकायतें लंबित है उपजिलाधिकारी डलमऊ मनोज सिंह की जांच और विवादित स्थितियों पर पैनी नजर रखने की नेतृत्व क्षमता से फरियादियों व पीड़ितों में काफी सन्तोष देखा जा सकता है कई वर्ष से विवादित चल रहे आरती यादव पत्नी हरीश के बैनामे की भूमि पर लगभग दो वर्ष तक कब्जे संबंधी मामले में उपजिलाधिकारी डलमऊ मनोज सिंह ने सख्त तेवर के साथ पीड़ित को पैमाइश को कब्जा दिलाने व साजिशकर्ता राघवेंद्र वर्मा पुत्र स्व.रामआसरे के ख़िलाफ़ भूमाफिया का अभियोग लिखने की सख्त कार्यवाही की अनुशंसा करते हुए अवैध कब्जेदारों को कड़ा संदेश दे डाला. इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सोनकर, राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र प्रजापति, डलमऊ लेखपाल हरिओम त्रिपाठी, राजेन्द्र तिवारी, रवि चक, मनोज पाल सतीश आदि क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।

नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ व भाजपा पदाधिकारियों ने डलमऊ चौकी पर तैनात आरक्षी ओंकार के बर्ताव के खिलाफ उपजिलाधिकारी व कटवाली प्रभारी से मौखिक शिकायत दर्ज कराते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की बात की कार्यवाही न होने की स्थित में उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे.सभी कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष के साथ सुर मिलाते हुए आरक्षी के विरुद्ध भाजपा कार्यकर्ताओं से गाली गलौच एवं आमादा मारपीट व अवैध वसूली की बढ़ती घटनाओं से क्षुब्ध होकर शिकायत दर्ज कराई।

# मेंहदावल बाईपास के सुन्दरीकरण से जिला मुख्यालय की बढ़ेगी पहचान

- जिलाधिकारी ने सुन्दरीकरण कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** महेंद्र सिंह तंवर वह पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा मेहदावल बाईपास पर अस्थाई बस स्टॉप बाईपास पर चल रहें सुंदरीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मेंहदावल बाईपास पर हो रहे सुन्दरीकरण कार्य का जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। मेंहदावल बाईपास/अस्थाई बस स्टैण्ड के सुन्दरीकरण से जिला मुख्यालय की पहचान बढ़ेगी।

विभिन्न-विभिन्न जनपदो से आने जाने वाले लोगो को सुन्दरता प्रभावित करेगी। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चल रहे कार्यो की गुणवत्ता को भी जॉचा।

जिलाधिकारी द्वारा हो रहें कार्यों की गुणवक्ता का निरीक्षण किया गया तथा मेहदावल बाईपास पर ओवर ब्रिज के नीचे और बगल में लगे लोहे/स्टील के पुराने ग्रिल को सही कराकर पेंट करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी द्वारा ट्रैफ्फिक बूथ पर स्लोप बनाने एव मेहदावल बाईपास पर ओवर ब्रिज के नीचे चल रहे सुंदरीकरण के कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आम जन मानस एवं राहगीरों के सुरक्षा का जायजा लिया गया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी आर0के0 पाण्डेय, ई0ओ0 अवधेश कुमार भारती, टी0एस0आई0 परमहंस, जिलाधिकारी के ओएसडी राकेश यादव, एसपी के पीआरओ इन्द्रभूषण सिंह, नगर पालिका के गोरख यादव और उमेश चौधरी सहित सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# दुर्घटना में घायल युवती की इलाज के दौरान मौत

**लालगंज, रायबरेली।** दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि बीती 14 जुलाई को पूरे लालता मजरे सेमरपहा गांव निवासिनी पुष्पांजलि (18) पुत्री श्रीकृष्ण को अज्ञात वाहन ने उस समय ठोकर मार दी जब वह हाईवे क्रास कर रही थी। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जिला चिकित्सालय में भी हालत में सुधार न होने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। जहां से इलाज के बाद परिजन घर मे ही इलाज करा रहे थे जिसकी आज मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बीईओ बछरावां के खिलाफ धरने पर बैठे शिक्षक, कहा सही से नहीं कर रहे बर्ताव

**संवाददाता।** रायबरेली

**मेरा** कसूर सिर्फ इतना था कि मैंने प्रतिदिन गेट पर ताला बंद करने और खोलने से मना कर दिया। बस इतने में ही मुझको बीईओ बछरावां ने प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी गई। मुझको जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया। बच्चों के सामने मुझे बीईओ सर की तरफ से बेइज्जत किया गया। जबकि हमने अपने विद्यालय को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्लॉस एक में पढ़ती हूँ और मेरे बच्चे निपुण भी है। कुछ ऐसी व्यथा धरने में बताते हुए शिक्षिका संगीता रो पड़ी।

जी हां, बीईओ बछरावां वरुण मिश्रा की प्रताड़ना से पीड़ित शिक्षकों के साथ में धरना दे रहे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। शनिवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी बछरावां के साथ ही वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा रायबरेली तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन अनवरत दूसरे दिन भी दिया।

जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में लगभग 1500 से अधिक शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के अवशेष देयकों का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। वित्त एवं लेखाधिकारी और उनके दफ्तर की तरफ से शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है। लेखाधिकारी के संरक्षण में कार्यालयी भ्रष्टाचार के कारण शिक्षकों को होने वाली आर्थिक क्षति के उत्तरदायी लेखाधिकारी से मुक्ति पाना। जिन शिक्षकों का जीपीएफ कट रहा है उनको जीपीएफ लेखापर्ची का वितरण समय से नहीं किया जा रहा है। वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा के कार्यालय भ्रष्टाचार के कारण कालातीत हुए अवशेष देयक आदेश के लिए उत्तरदायी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाए। जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने अंतर्जनपदीय शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि,डीए, बोनस बाधित वेतन का भुगतान, एमआरसी शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान आदि का विषय उठाया।

आज के धरने को संबोधित करते हुए दिनेश प्रताप सिंह, अनुराग मिश्रा, रमेश सिंह, अनूप सिंह ने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा की तरफ से जातिसूचक शब्दों के साथ में बात करना बहुत ही अव्यवहारिक है।

उनके इस कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। जयकरन सिंह ने कहा कि बीईओ बछरावां कि असंवैधानिक कार्यशैली, शिक्षकों का शोषण, सरकारी धन का दुरुपयोग, पद का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्षिक व्रद्धि में भी शोषण किया जा रहा है। कार्यालयी भ्रष्टाचार की प्रशासनिक जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना। संयुक्त मंत्री हरिमोहन यादव ने कहा कि शिक्षक बुद्धि प्रकाश अवस्थी के साथ में मिलकर जिस तरह से बीईओ बछरावां कि तरफ से काम किया जा रहा है। वह बहुत ही गलत है।

उनके इशारे पर शिक्षकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन का संचालन जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने किया।

धरने में जिला मंत्री शशिदेवी, राजेश मौर्य, वीरेन्द्र बहादुर ,जयकरन, हरिमोहन यादव, अनूप सिंह, हरिशरण मौर्य, दिनेश प्रताप सिंह, अनुराग मिश्र, अवनीश सिंह, आशुतोष शुक्ल, लोकतन्त्र शुक्ला, ज्योति सिंह, सुमन देवी वर्मा, मालती देवी, अनीता मौर्या, कमलेश यादव, पकंज पटेल, दिनेश सिंह,बृजेश प्रजापति, सन्दीप सोनकर, नीरज शुक्ला, अनुज प्रताप सिह, प्रभंजन , धर्मेन्द तिवारी, उमेश कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने प्राथमिक विद्यालय भारीगांव का लिया जायज़ा

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**जिलाधिकारी** अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रदेश भर के परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा के उजियारे से आच्छादित किया जा सके इसके तहत जनपद के सभी विद्यालयों में विशेष अभियान चलाकर शिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर उन्हें स्कूल जाने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय भारीगांव पहुंचकर शिक्षण सत्र का जायजा लिय उन्होने बच्चों से संवाद स्थापित कर उन्हें ससमय विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने विद्यालय के स्मार्ट क्लास के संचालन एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की स्थिति भी जानकारी ली साथ ही विद्यालय में चल रहे नामांकन प्रक्रिया की भी जानकारी ली जिस पर ज्ञात हुआ कि अबतक कुल 10 नये नामांकन किये जा चुके है विद्यालय में सभी अध्यापक उपस्थित पाये गये। उन्होने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने एवं गत वर्ष से नामांकन अधिक रखने के लिए निर्देशित किया विद्यालय में कई कक्षाओं में पंखा संचालित अवस्था में न पाये जाने पर प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया पंखों की मरम्मत कराकर तत्काल दुरूस्त कराए।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों के बीच बैठकर शिक्षक की भूमिका में उनसे प्रश्न भी पूछे जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चे उत्साहित दिखे उन्होने बच्चों से जोड़ घटना गुणा भाग एवं पहाड़ा भी सुना जिस पर बच्चों ने सही जवाब देने पर जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को टॉफी-चॉकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विद्यालय की छात्रा रितिका द्वारा सही जवाब देने पर जिलाधिकारी ने छात्रा को अपना पेन गिफ्ट किया जिस पर छात्रा की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होने सभी छात्र-छात्राओं को समय से विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया तथा अध्यापकों को रुचिपूर्ण शिक्षण कार्य के लिए निर्देशित भी किया।

उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया कि जनपद में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत नामांकन में वृद्धि के लिए नवाचार प्रयास करते हुए नामांकन में वृद्धि की जाये तथा 6 वर्ष का कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित न न रहने पाये। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना के माध्यम बच्चों को पौष्टिक तत्वों से भरपूर भोजन दिया जाता है।

इसलिए इसका ध्यान रखा जाये कि प्रत्येक विद्यालय मे मीनू के अनुसार ही भोजन निर्मित हो यदि निरीक्षण में किसी भी विद्यालय में मध्यान्ह भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार बनता नहीं पाया जाता है तो उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक को ही प्रथमत: जिम्मेदार मानते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रचलित कर दी जायेगी।

# गैंगेस्टर अधिनियम का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानेदार जितेन्द्र मोहन सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र के पूरे शिव गुलाम मजरे बिरनांवा निवासी हरिशंकर सोनी पुत्र राम लाल सोनी गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। अभियुक्त पर पूर्व में थाना नसीराबाद व थाना सलोन में कई अपराधिक मामले दर्ज है। जिसमें अभियुक्त लगातार वांछित चल रहा था। शनिवार की सुबह मुखबिर से मिली सूचना पर उन्होंने अभियुक्त को ग्राम धर्मों थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक त्रियुगी नारायण तिवारी, उपनिरीक्षक दयाशंकर, महिला आरक्षी आकांक्षा यादव ,आरक्षी दिनेश सिह ,आरक्षी विश्वजीत सिंह की अहम भूमिका रही।

# 'दादा ना भैया सबसे बड़ा रुपैया' की कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं राजस्व कर्मी

**संवाददाता।** बछरावां, रायबरेली

**राजस्व** कर्मियों के निक्कमेपन और रिश्वतखोरी की पराकाष्ठा की हदें तोड़कर जीवित को मृतक घोषित कर बगैर जांच पड़ताल के दूसरे के नाम जमीन राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने और तहसील प्रशासन की कोर्ट की लचर व्यवस्था से सैकड़ो फरियादी गणेश परिक्रमा कर रहे हैं व न्याय के लिए गुहार लगा रहे हैं नतीजा डाक के तीन पात है।

मामला बछरावां विकासखंड के ग्राम सभा टोंडरपुर निवासी अंबिका चौधरी ने जिला अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि श्री राम पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर जो की जीवित है उनके कोई पुत्र और पुत्री भी नही है उनको मृतक दिखाकर राजस्व लेखपाल पीयूष शुक्ला द्वारा वरासत के आधार पर रामकिशोर पुत्र श्री राम जो की ग्राम सरावां तहसील सदर के नाम वरासत गाटा संख्या 56, 57, 166 दर्ज कर दी गई वही मजेदार बात तो यह है कि लेखपाल ने रिश्वत या अन्य कारणो से जमीनी हकीकत कि बगैर जांच पड़ताल किए वरासत दर्ज कराई। यही नहीं राजस्व निरीक्षक चंद्र कुमार दीक्षित ने भी वरासत को सही साबित कर खतौनी में नाम अंकित करवाएं इससे लगता है कि मोटी रिश्वत लेकर जिंदा आदमी की जमीन दूसरे के नाम कर दी गई। वही श्री राम के पारिवारीजनो को जानकारी के बाद नायब तहसीलदार महाराजगंज की कोर्ट में वरासत खारिज करने का मुकदमा भी दर्ज कराया। लेखपाल और गवाहों के बयान के बावजूद भी आज तक जमीन वापस नहीं आई सबसे मजेदार बात तो यह है कि करोड़ों की जमीन को रामकिशोर पुत्र श्री राम द्वारा कौड़ियों के दाम पर दूसरे व्यक्ति को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करके जमीन की बिक्री का अनुबंध भी किया गया।

इस मामले में जब संवाददाता नें नायब तहसीलदार महाराजगंज से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है अब मामला संज्ञान में आया है जानकारी करके शीघ्र ही मामले का निस्तारण किया जाएगा और इस बारे में उपजिला अधिकारी महाराजगंज राजित राम गुप्ता से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है अब मामला संज्ञान में आया है मेरे पास से शिकायतकर्ता मिलकर शिकायत दर्ज कराएं मामले को शीघ्र ही निस्तारण कर उनकी जमीन उनको वापस कराई जाएगी।

रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का मामला यह तो मात्र एक बांगी है वहीं दूसरी तरफ अंबिका चौधरी और उनके परिवरीजन अपनी जमीन पाने के लिए तहसील की गणेश परिक्रमा लगातार कर रहे हैं लेकिन उनको न्याय नहीं मिल रहा है अब देखना है कि लेखपाल पीयूष शुक्ला और राजस्व निरीक्षक चंद्र कुमार दीक्षित पर तहसील प्रशासन और डीएम क्या कोई कार्यवाही करती हैं कि मामला ठंडा बस्ते में चला जाएगा।

